प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

4 जुलाई 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने लघु वित्त बैंकों के 'ऑन टैप' लाइसेंसिंग संबंधी दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्राप्त तीन आवेदनों पर लिए गए निर्णय की घोषणा की

भारतीय रिज़र्व बैंक को सर्वव्यापी बैंकों और लघु वित्त बैंकों के 'ऑन टैप' लाइसेंसिंग संबंधी दिशानिर्देशों के अंतर्गत बैंक स्थापित करने के लिए 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदकों के नामों की घोषणा दिनांक 15 अप्रैल 30 अगस्त, 31 दिसंबर 2021 और 04 जनवरी 2023 की प्रेस प्रकाशनी द्वारा की गई थी। इनमें से छह आवेदनों पर लिए गए निर्णय की घोषणा 17 मई 2022 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से की गई थी।

लघु वित्त बैंक की स्थापना के लिए तीन और आवेदनों की जांच, मौजूदा दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी हो गई है। आवेदनों के मूल्यांकन के आधार पर, निम्नलिखित आवेदकों को लघु वित्त बैंक स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया:

1. श्री अखिल कुमार गुप्ता
2. कॉस्मिया फाइनेंशियल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
3. वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

शेष आवेदनों की जांच चल रही है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/534